K25U 1420

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

**II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc.(LRP)/B.M.C. Degree (C.B.C.S.S. – OBE – Supplementary/Improvement) Examination, April 2025**
**(2020 to 2023 Admissions)**
**II Semester Integrated M.Sc. (Reg./Supple./Imp.) Examination, April 2025**
**(2020 Admission Onwards)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**2A08 – 2HIN : साहित्य और प्रयोग (Sahithya aur Prayog)**

Don Bosco Arts and Science College Library Angadikadavu, Kannur libdonbosco.ac.in KANNUR UNIVERSITY

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम-से-कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'परीक्षा' कहानी की कथावस्तु लिखकर उसका उद्देश्य व्यक्त कीजिए ।

2) 'यही सच है' कहानी में वर्णित मुख्य विषय क्या है ?

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×5=10)**

3) केन्द्रीय विद्यालय, नई दिल्ली में हिन्दी अध्यापक का पद खाली है । प्रस्तुत पद के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

4) बैंक में नया खाता खोलने के लिए मैनेजर के नाम पत्र लिखिए ।

5) पी. टी. ए. मीटिंग में भाग लेने के लिए पिताजी को आमन्त्रित करते हुए एक पत्र तैयार कीजिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

6) नई शिक्षा नीति के गुण-दोषों के बारे में शिक्षा मन्त्री और पत्रकार के बीच वार्तालाप तैयार कीजिए ।

7) कई सालों बाद रेलवे स्टेशन में मिले दो मित्रों का वार्तालाप तैयार कीजिए ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक या दो** वाक्यों में लिखिए । **(4×1=4)**

8) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

9) संबंधवाचक सर्वनाम से क्या मतलब है ? समझाइए ।

10) क्रिया किसे कहते हैं ? उसके प्रमुख भेदों को व्यक्त कीजिए ।

11) हेतुहेतुमत भूतकाल को सोदाहरण समझाइए ।

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5×1=5)

12) अंकुश रखना ।

13) पाँव पर कुल्हाडी मारना ।

14) कसौटी पर खरा उतरना ।

15) उलटा चोर कोतवाल को डाँटे ।

16) जिसकी लाठी उसकी भैंस ।

VI. किसी **एक** खण्ड का **अंग्रेज़ी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए । (1×5=5)

17) मनुष्य की आदतें बचपन में ही बनायी जाती है । किसी पौधे को जैसी खाद और मिट्टी शुरू में दी जाती है, वह उसी का आदी हो जाता है । देश का भला इसी में है कि लोग बचपन से ही मेहनती बनाये जाएँ और उन्हें कम खर्ची और कुर्बानी के सबक सिखाए जाएँ । उन्हें वीरता के किस्से सुनाये जाएँ, जिससे छोटी उम्र में उनके कोमल हृदय में वीरता का पौधा उगने लगे । आज के बालक ही कल के नागरिक होते हैं । उन्हीं पर देश का भविष्य निर्भर होता है ।

18) ताजमहल एक अत्यन्त प्रसिद्ध भवन है । यह संसार के आश्चर्यों में से एक है । यह आगरा में यमुना के दक्षिणी तट पर स्थित है । इसका निर्माण शाहजहाँ ने कराया था । उन्होंने इसे अपनी प्रिय पत्नी मुमताज महल की स्मृति में बनवाया था । इस ऐतिहासिक भवन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं । वर्षा ऋतु में जब सभी ओर के दृश्य अतीव सुंदर होते हैं तब इसे देखना अत्यन्त आनन्दप्रद होता है । सैकडों वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, किन्तु इसका सौन्दर्य वैसा ही है, जैसा कि उस समय था, जब इसका निर्माण हुआ था ।

VII. प्रस्तुत अवतरण पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4×1=4)

19) हामिद के विचार में खिलौना खरीदकर पैसा खराब करने से कोई फायदा नहीं है । लेकिन चिमटा बहुत काम की चीज़ है । रोज़ दादी माँ का हाथ जला लेती है । हामिद ने ज़ोर से कहा कि उसका चिमटा ही सबसे अच्छा है । अन्य बच्चे भी यह मान लिया । वह बहुत खुश हुआ ।

1. इस अवतरण से संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए ।
2. सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए ।
3. विशेषण शब्द लिखिए ।
4. क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए ।

Don Bosco Arts and Science College Library Angadikadavu, Kannur lib.donbosco.ac.in